## सार-समाचार

### वृद्धजनों के सम्मान के लिए कार्यक्रम होंगे

**जालोर**, (कासं)। जिले में विभिन्न विभागों द्वारा अक्टूबर माह में वृद्धजनों के सम्मान के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर उदयभानू चारण ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार अक्टूबर माह में शिक्षा विभाग द्वारा 'नो बैग डे' पर सेवानिवृत शिक्षक व कार्मिकों के अनुभव तथा ग्राम के वृद्धजनों के अनुभव साझा करने के लिए वृद्धजनों के अनुभव सत्र आयोजन किया जायेगा। पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्राम सभा दिवस पर ग्राम सभा में वृद्धजनों का सम्मान किया जायेगा। चिकित्सा विभाग द्वारा जिले के सभी वृद्धजनों का हेल्थ चेकअप किया जायेगा। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर वृद्ध महिलाओं के अनुभवों के साझा कार्यक्रम का आयोजन सहित कार्यकर्ता मासिक बैठकों में वृद्धजन प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जिले के सभी ब्लॉक स्तर पर वृद्ध महिलाओं का सम्मान किया जायेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा स्वयंसेवी संस्था रिद्धि-सिद्ध सेवा संस्थान जालोर, जागृति जन सेवा संस्थान जालोर व जिला विकलांग सेवा संस्थान जालोर द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में वृद्धजन कल्याण पर आधारित योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही वृद्धजनों के अनुभवों को साझा करने के प्रेरित करने तथा समापन पर वृद्धजनों को सम्मानित किया जायेगा।

### आर्यवीर दल के पोस्टर का विमोचन

**जोधपुर**, (कासं)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को सर्किट हाउस में कर्मयोगी मदन सिंह आर्य की 39वीं पुण्यतिथि के पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि नौजवानों का शारीरिक, आत्मिक व बौद्धिक विकास करने के लिए कर्मयोगी मदन सिंह आर्य ने पूरे देश में आर्य वीर दल शाखा की नींव रखी। आर्य वीर दल जोधपुर की ओर से आठ अक्टूबर को शाम 4 बजे आर्य वीर दल के संस्थापक कर्मयोगी मदन सिंह आर्य का 39वां पुण्यतिथि समारोह आर्य समाज पाबूपुरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया। संचालक उम्मेद सिंह आर्य ने बताया कि राजस्थान में बॉक्सिंग और जिम्नास्टिक के जनक, युवाओ के प्रेरणा स्त्रोत, महर्षि दयानन्द सरस्वती के अनन्य भक्त कर्मयोगी मदनसिंह आर्य की पुण्यतिथि पर मंगलवार सुबह पांच बजे नई सडक़ राजीव गांधी चौराहा से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। पुण्य तिथि का मुख्य समारोह आर्य समाज पाबूपुरा में शाम चार बजे वैदिक यज्ञ के साथ शुरू होगा। कार्यक्रम में आर्य वीरों द्वारा व्यायाम व प्रदर्शन भी किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के दौरान पूर्व विधायक मनीषा पंवार, आर्य वीर दल राजस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल आर्य, चांदमल आर्य, भंवरलाल हटवाल, जितेंद्र सिंह आर्य, शिवप्रकाश सोनी, विष्णुप्रकाश, पूनम सिंह शेखावत, एडवोकेट चैनाराम आर्य, महेश आर्य, कुलदीप सिंह, राजेश देवड़ा, रोशनलाल सहित आर्य वीर दल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 39 किलो अवैध डोडा पोस्त सहित पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर ग्रामीण की बिलाड़ा थाना पुलिस ने नशे के तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए स्विफ्ट कार से 39 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। आरोपी पुलिस को देखकर कार को भगाकर ले गया, जिसे पीछा कर पकड़ा गया। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि बिलाड़ा थाना पुलिस ने मालकोसनी मार्ग पर नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार आते हुए दिखाई दी। पुलिस जाब्ते ने रुकने का इशारा किया तो चालक नाकाबंदी तोड़कर कार को भगाने लगा। इस पर बिलाड़ा पुलिस ने डीएसटी टीम को सूचना दी। टीम ने कार को काबू कर रुकवाया। उसके बाद कार की तलाशी ली गइ तलाशी के दौरान कार के तीन कट्टों में 39 किलो 380 ठााम अवैध डोडा पोस्त मिला। मामले में आरोपी प्रीतम सिंह उर्फ महावीर सिंह राजपूत निवासी चांदेलाव को गिरफ्तार किया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### हज 2025 के लिए आवेदकों का चयन

**पाली**, (नि.सं.)। सऊदी अरब सरकार द्वारा भारत से 1,75,025 हज यात्रियों को हज 2025 करने की अनुमति दी गई है, जिसमें से भारत सरकार द्वारा 70 प्रतिशत 1,22,518 सीटें हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई को आवंटित की गई है। हज कमेटी को आवंटित उक्त सीटों में से राज्य को मुस्लिम आबादी के अनुपात में कुल 4392 सीटें आवंटित की गई है। स्टेट हज ट्रेनर आमीन अली रंगरेज ने बताया कि राज्य से हज 2025 हेतु फुल 3802 आवेदन पत्र प्राप्त हुये। राज्य के सभी आवेदकों में पाली जिले से 81आवेदको का भी चयन कर लिया गया है एवं सभी आवेदकों को हज हेतु चयन संबंधित सूचना उनके मोबाईल नम्बर पर मैसेज द्वारा भिजवा दी गई है। हज 2025 हेतु सभी चयनित हज यत्रियों को सूचित किया जाता है कि प्रति हज यात्री राशि रुपये 1,30,300/- की अग्रिम हज अदायगी राशि 8 अक्टूबर 2024 से 21 अक्टूबर 2024 तक जमा करानी है। हज कमेटी के अमजद अली जोया ने बताया कि सभी चयनित हज यात्रियों को दिनांक 23 अक्टूबर 2024 तक अपने दस्तावेज कार्यालय हज हाउस रामगढ़ मोड करबला जयपुर को जमा किया जाना आवश्यक है।

### बार एसोसिएशन पीपाड़ शहर ने ज्ञापन दिया

**जोधपुर**, (कासं)। बार एसोसिएशन पीपाड़ शहर के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पीपाड़ शहर को तहसील भवन में शिफ्ट करने से रोकने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि पीपाड़ शहर में स्थित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय वर्तमान में मुख्य आबादी के मध्य पुलिस थाना, पंचायत समिति व सिविल न्यायालयों के पास स्थित है जो वर्ष 1999 से संचालित हो रहा है तथा आज भी पूर्णतया सही अवस्था में विद्यमान है। उपरोक्त भवन नया होने के कारण आज भी सही अवस्था में है एवं उपखण्ड अधिकारी कार्यालय की सुविधा अनुसार व्यवस्थित रूप से निर्माण करवाया गया है जिस पर सम्पूर्ण सरकारी राशि खर्च हुई है। अब उपखण्ड अधिकारी पीपाड़ शहर वर्तमान स्थान से पांच किमी दूरी पर स्थित तहसील भवन में शिफ्ट होने से आम नागरिकों, राजस्व मामले में पैरवी करने वालें अधिवक्तागणों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। ज्ञापन में मांग की गई है कि वर्तमान उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पीपाड़ शहर के भवन की समक्ष इंजीनियर अधिकारी से जांच करवाई जाकर यथावत रखा जाए ताकि आमजन व अधिवक्तगणों को आवागमन व सस्ता सुलभ न्याय में सुविधा हो।

### आग पर दो घंटे में पाया काबू

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती बोरानाडा स्थित एक एग्रो फूड में रविवार की देर रात भीषण आग लग गई। कोई जनहानि नहीं हुई मगर एठाो फू ड में लाखों की मशीनरी जलकर नष्ट हुई है। आग को काबू करने में दो घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। बोरानाडा फायर स्टेशन प्रभारी जसराज लीलावत के अनुसार रविवार की देर रात सवा ग्यारह बजे के आस पास सूचना मिली कि एग्रो फूड टीसी इंटरप्राइजेज में आग लगी है। इस पर एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। मगर आग की तीव्रता ज्यादा होने पर एक और गाड़ी वहां भेजी गई। दमकलकर्मियों हेतराम तेतरवाल, राजू, सुरेश, मालाराम एवं अभिषेक आदि ने मिलकर दो घंटे में आग पर काबू पाया। फायर स्टेशन प्रभारी जसराज के अनुसार आगजनी में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। मशीनरी आदि जलकर नष्ट हो गई।

### भंसाली विकास समिति के अध्यक्ष बने

**जोधपुर**, (कासं)। पृथ्वीराज नगर विकास समिति के त्रिवार्षिक (2024-27) निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी आईदान जाखड़ ने बताया कि पृथ्वीराज नगर विकास समिति में डॉ. महेंद्र भंसाली अध्यक्ष, राजेंद्र बजारी उपाध्यक्ष, मुकेश दवे सचिव, मुकेश चौपड़ा कोषाध्यक्ष, महेश चंद्र त्यागी, महावीर सिंह सोढ़ा एवं श्रेयांश भंसाली कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध घोषित किए गए।

### चाकू सहित दो युवक गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्ररेट की जिला पश्चिम पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लेकर घूम रहे दो युवकों को पकड़ा। बासनी थाने के हैडकांस्टेबल उमेशचन्द ने एल्कॉबेक्स चौराहा हड्डी मिल के पास धारदार चाकू लेकर घूम रहे जय चौहान पुत्र बुधाराम भील एवं देवनगर थाने के एसआई महावीर सिंह ने प्रथम पुलिया के पास बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास धारदार चाकू लेकर घूम रहे जीतू नट पुत्र अणदाराम नट को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया।

# रामलीला देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी



पाली में आयोजित संगीतमय रामलीला में सीता के स्वयंवर का प्रसंग हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**,(नि.सं.)। श्री रामलीला कमेटी द्वारा संगीतमय रामलीला में लोगों का हुजूम उमड़ा। तीसरे दिन शिव वन्दना से रामलीला प्रारम्भ हुई।

प्रथम प्रसंग मे विश्वामित्र के आश्रम में राजा जनक के यहां से सीता का स्वयंवर के आयोजन का निमंत्रण पत्रिका दूत लेकर आता है। विश्वामित्र राम और लक्ष्मण के साथ जनकपुरी के लिए प्रस्थान करते है। रास्ते मे पत्थर की मूर्त बनी महऋषि गौतम की पत्नी अहिल्या श्रीराम के चरण स्पर्श मात्र से श्राप मुक्त हो जाती है। अगले दृश्य में सीता पूजा के लिए पुष्प लेने बगीचे में आती है, उस समय श्री राम से पहला मिलन होता है। हे सखी पहले चीतवन में गीत पर सीता अपनी सखियों के साथ झूला झूलते प्रसन्न मुद्रा में दिखाई दी। राजा जनक स्वंयवर में शिव धनुष रखते है तथा कहते हैं, जो भी राजकुमार या वीर धनुष का चीला चढ़ाऐगा, वो मेरी पुत्री को पत्नी रुप मे पायेगा। सभी राजकुमार आते धनुष उठाने की कोशिश करते हैं, धनुष नहीं उठता। तब जनक दुखी हो कर कहते हैं क्या एक भी राजकुमार धनुष उठा नहीं सका फिर ऋषि विश्वामित्र श्री राम को कहते " राम आगे बढ़ो मत देर करो, धनुष तुम ही उठाओगे, नहीं किसी में ताकत चीला तुम ही चढ़ाओगे"। श्री राम धनुष का चीला चढाते है, उस समय परशुराम राम जी आते है। जनक जी से कहते है राजन मेरे आराध्य शिव का धनुष किसने भंग किया,उस पापी का मेरा फरसा रक्त का प्यासा है। तब लक्ष्मण परशुराम के बीच एक दूसरे पर शब्द बाण से प्रहार करते है।श्री राम बीच में आकर परशुराम की शंका का समाधान करते हैं। परशुराम को पता चल जाता है भगवान विष्णु ने मानव रुप मे अवतार ले लिया है, अब पृथ्वी शीघ्र राक्षसों के पाप से मुक्त हो जायेगी। वद्ध राजा दशरथ राम का राजतिलक करने की घोषणा करते है। वहीं मंथरा कैकेयी को भडका कर राम के लिए 14 वर्ष का वनवास तथा भरत के लिए राज्य का वरदान राजा दशरथ से मांगने के लिए प्रेरित करती है।

इस संगीतमय रामलीला के संगीतकार राजेन्द्र सिंह सोढा व दिगम्बर व्यास, पार्श्व गायका शीला कनोजिया ने स्वर दिया। निर्देशक हरिचरण वैष्णव, सह निर्देशक गणेश परिहार के निर्देशन, नाट्यय मंचन मे घनश्याम भाटी, रोहित शर्मा, गोविंद गोयल, ज्ञानचंद राठौड, जीवराज चौहान, गणेश परिहार, राजेश गोयल, मांगीलाल तंवर, अंकित वैष्णव, सन्तोष वैष्णव, भाग्यश्री, कंचन दासानी, खुशबू शर्मा, परि, किशोरसिंह, परमेश्वर सिह , नेमीचंद, जगदीश, गोपाल, सुरेश राठौड़,अर्जुन बडगोती, ध्वनित, आशीष, साक्षी शर्मा ने भुमिका निभाई कमेटी के अध्यक्ष जीवराज चौहान उपाध्यक्ष हिरालाल व्यास, एम एम बोडा, सचिव परमेश्वर जोशी, प्रकाश चौधरी, परमेश्वर शर्मा, दिगंबर व्यास, राजेन्द्र सिंह सोढा ने आज केअतिथि धर्मवीर सिंह शेखावत, शेखावत, राजेश पाटनेचा, एडवोकेट वेलाराम, स्वामी दयानन्द बगेची ट्रस्ट के अध्यक्ष छवरलाल कच्छवाहा, भंवर सिंह, चीमनाराम, रामचन्द्र का दुपट्टा से स्वागत किया गया।

## दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल कारावास की सजा

**जालोर**, (कासं)। पोक्सो न्यायालय जालोर के विशिष्ट न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढय ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी मिलापगिरी को बीस साल के कारावास की सजा सुनाई।

प्रकरण के अनुसार पीड़िता के चाचा ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि 26 दिसम्बर 2023 को रात्रि करीब 9 बजे उसकी सत्तराह वर्षीय भतीजी अपने घर से गायब होने पर परिवारजनो ने आस पडौस में पुछताछ करने पर भी उसका कोई पता नही चला। रास्ता में दुकान में लगे सीसीटीवी फूटेज से पता च.ला कि उसकी भतीजी और उसके साथ तीन लड़के मौजूद थे। लडको के फोटो देखने के बाद पता चला कि उसकी नाबालिग भतीजी को मिलापगिरी पुत्र आनंदगिरी, जितेन्द्रगिरी पुत्र खंगारगिरी व रविन्द्रगिरी पुत्र बसंतगिरी निवासी सुधाना सांचोर होना पाये गये। उसकी नाबालिग भतीजी बहला फुसलाकर अपहरण कर सांचोर लाया गया और सांचोर से मिलापगिरी बस में बैठाकर गुजरात की ओर ले गया। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी मिलापगिरी को गिरफतार किया गया।

पीड़िता को पुलिस ने दस्तयाब कर बयान लेने पर बताया कि मिलापगिरी ने ट्रेन से तिरकेष्वरी स्थित कालीपुरा में कमरा किराये लेकर उसके साथ जबरदस्ती दुश्कर्म किया।

पुलिस ने बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढय ने आरोपी मिलापगिरी को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का दोशी मानते हुए बीस साल के कारावास की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने पैरवी की।

## बंगाली समाज का पांच दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू

**जोधपुर**, (कासं)। बंगाली समाज का पांच दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव सोमवार से शुरू हो गया। शहर के सरदारपुरा दुर्गाबाड़ी, कुड़ी हाउसिंग बोर्ड, प्रताप नगर आदि स्थानों पर पांच दिनों तक दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जाएगा।

समाज के अध्यक्ष मिलन सेनगुप्ता ने बताया कि दुर्गाबाड़ी में 12 अक्टूबर तक आयोजन होंगे। इसी प्रकार कुड़ी हाउसिंग बोर्ड 9 सेक्टर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया गया। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मूर्ति विसर्जन के बाद जलाशय प्रदूषित नहीं हो व जलीय जंतुओं को किसी प्रकार की हानि न हो, इसको देखते हुए मां दुर्गा की मूर्ति को कोलकाता के कारीगरों ने गंगा की पवित्र मिट्टी से बिना केमिकलयुक्त कलर, घास से 15 फीट की मूर्ति का निर्माण किया है।

समाज के प्रवक्ता सुमन विश्वास ने बताया कि कुड़ी हाउसिंग बोर्ड 9 सेक्टर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आज शाम सात बजे कोलकाता से आए हुए पंडित देवी बोधन के साथ पूजन किया। शनिवार को विजय दशमी के दिन सुबह 9 बजे दशमी पूजा, पुष्पांजलि, दर्पण विसर्जन, विसर्जन कार्यक्रम के बाद विजय सम्मेलन कर दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पंडाल निर्माण करने में करीब 7 लाख 50 हजार रुपए खर्च किया गए है। मां दुर्गा की मूर्ति के साथ गणेश, लक्ष्मी, कार्तिकेय, सरस्वती को भी स्थापित किया गया है।

नवरात्रा के उपलक्ष्य में ओल्ड कैंपस के सामने स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में क्षेत्रवासियों की ओर से महंत श्रीधरगिरी महाराज के सानिध्य में एक शाम पीपलेश्वरी माता के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक दीपक शर्मा ने बताया कि इस दौरान वरिष्ठ गायक चंदुमामा और नवीन ओझा द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिन पर भक्त रातभर झूमते हुए भक्ति में सराबोर नजर आए। इस मौके संत गंगा गिरी महाराज, समाजसेवी हेमंत शर्मा, शशिकांत तिवाड़ी, चंपालाल बोराणा, जयराम, महेंद्र बोराणा, रमेश बोराणा, महेंद्र चौधरी, अनिता मीणा, प्रियंका बोराणा, दिव्यांशु बोराणा व अनिल सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

जॉयंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज की अध्यक्ष निरूपा पटवा द्वारा एवं माधव सेवा समिति ग्रुप के केशव संस्कार केंद्र के सदस्य बाली सिंह के सहयोग से नवरात्रा महोत्सव मनाया गया सभी कन्याओं का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। साथ ही मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया।

## फेस्टिवल सीजन के लिए पांच जोड़ी ट्रेनों में डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी

**जोधपुर**, (कासं)। रेलवे ने फेस्टिवल सीजन के लिए ट्रेनों में एक्स्ट्रा कोच लगाने का फैसला किया है जिससे ज्यादा यात्री सफर कर सकेंगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह के अनुसार त्योहार पर ट्रेनों में अतिरिक्त यातायात के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए पांच ट्रेनों में अस्थाई तौर पर अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जिससे यात्रियों को अतिरिक्त सीटें मिल सकेगी।

ट्रेन 14807/14808,जोधपुर-दादर-जोधपुर एक्सप्रेस में जोधपुर से 8 से 29 अक्टूबर व दादर से 9 से 30 अक्टूबर तक एक थ्री टायर एसी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

ट्रेन 20483/20484,भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी एक्सप्रेस में भगत की कोठी से 10 से 31 अक्टूबर तक तथा दादर से 11 अक्टूबर से 1 नवंबर तक एक थ्री टायर एसी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। ट्रेन 20485/20486, जोधपुर-साबरमती-जोधपुर सुपरफास्ट में जोधपुर से 10 से 31 अक्टूबर तक तथा साबरमती से 12 अक्टूबर से 2 नवंबर तक एक स्लीपर श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। ट्रेन 20492/20491,साबरमती-जैसलमेर-साबरमती सुपरफास्ट में साबरमती से 10 से 31 अक्टूबर तथा जैसलमेर से 11 अक्टूबर से 1 नवंबर तक एक स्लीपर श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

ट्रेन 04805/04806,भगत की कोठी-ओखा-भगत की कोठी फेस्टिवल स्पेशल में भगत की कोठी से 12 से 26 अक्टूबर तथा ओखा से 13 से 27 अक्टूबर तक एक थ्री टायर डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।


## सदस्यता अभियान की समीक्षा हुई

**पाली**, (नि.सं.)। केन्द्रीय सरकार के राज्य मन्त्री भागीरथ चौधरी आज किसान केसरी भवन में आयोजित सदस्यता अभियान की किसान मोर्चा की समीक्षा बैठक में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है बाकि सब पार्टी परिवारवाद पर है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी पांच साल मे एक बार सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी से जुडने का अवसर देती है। पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, किसान मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी छेलाराम चारण, प्रदेश महामन्त्री रेवतसिह, प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, संभाग सह प्रभारी ज्योति, जिलाध्यक्ष दिग्विजयसिंह, मोहन जाट, सुनील भंडारी, विक्रम पाल सिंह, किसान मोर्चा सिरोही जिलाध्यक्ष हरमेनदसिह सहित उपस्थित रहे।

## देगराय मंदिर की दो दिवसीय ओरण परिक्रमा पूर्ण की

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले में देगराय मंदिर की 65 किलोमीटर परिक्रमा का रविवार सुबह देगराय मंदिर से शुभारंभ हुआ और सोमवार दोपहर को देगराय मंदिर में आरती कर सम्पूर्ण हुई।



देगराय मंदिर में आरती का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने15 से 20 गांवों की सीमाओं से पैदल चलकर परिक्रमा पूर्ण की। श्रद्धालुओं ने सनातनी सरकार जो गाय, ओरण गोचर को बचाने वाले वादे कर इसकी रक्षा करने की जिम्मेदारी दी थी लेकिन दस महीने में अभी एक भी घोषणा पत्र पर गौर नहीं करने पर जनप्रतिनिधियों के सामने मांग रखी और राजस्व रिकार्ड में ओरणों को दर्ज कराने की मांग एक स्वर में उठाई ओरण भक्तों ने बढ चढकर भाग लिया। देश में शांति एवं समृद्धि के लिए मां श्री देगराय से आर्शीवाद लिया।

## प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन

**जालोर**, (कासं)। राजकीय महाविद्यालय जालोर में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर (इतिहास, अर्थशास्त्र व एम.कॉम, ए.बी.एस.टी.) में अन्तरिम रूप से प्रवेशित सूची प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।

## जालोर में मक्का मदीना की यात्रा से लौटे जायरीनों का स्वागत किया

**जालोर**, (कासं)। मक्का मदीना से उमरा हज करके लौटे जयरीनो का किया जोरदार स्वागत किया गया।

जालोर शहर से सरवरी हज उमरा टूर के मौलाना गुलाम अली के साथ 21 सितम्बर को 10 लोगों का जत्था मक्का मदीना शरीफ के लिए उमरा हज करने के लिए रवाना हुआ था। जो 15 दिन के सफर के बाद रविवार को देर रात उनके जालोर लौटने पर शहर के वीरमदेव चौक स्थित दरगाह गैबन शाह गाजी पर दुआ की।



जालोर में मक्का मदीना से उमरा हज कर लौटे जायरीनों का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

दुआ के बाद परिवार के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार इस्तकबाल किया। जिसमे हजन खुर्शीदा बानू, हजन शकीला बानू, हजन शरीफन बानो कुरेशी व हजन तबस्सुम बानो सहित उमरा कर लौटने पर इनका इस्तकबाल किया गया।

इस दौरान मौलाना सलीम मुस्तफाई, मौलाना सुल्तान सिद्दीकी, भूरे खान, मोहम्मद इशाक, साईद अली, शाबीर अली, उजीर सिलावट, तालिब हुसैन, जाहिद हुसैन, हबीब रहमान, कालू खान, मोहम्मद इफ्तिकार हुसैन, आरिफ खान, कासम खान, शोहिल खान, मुराद खान, शाहरुख खान, राजू खान, तोसिक रजा व अमन खान सहित काफी संख्या में समाज बन्धु मौजूद रहे।

## लंबित प्रकरणों की समीक्षा

**जालोर**, (कासं)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर उदयभानू चारण की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई जिसमें उन्होंने विभागीय योजनाओं व सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए जिले के औसत निस्तारण समय को कम करने तथा परिवादों के संतुष्टिपूर्ण समाधान के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलैक्टर उदयभानू चारण ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर 6 माह से अधिक प्रकरणों, पीजी, सीएमओ साहित वीवीआईपी स्तर से प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर आमजन को राहत प्रदान करें।

## पाली विधायक भीमराज भाटी का कोसेलाव में स्वागत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली विधायक भीमराज भाटी के रविवार को सुमेरपुर क्षेत्र के दौरे के दौरान कोसेलाव पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

कांग्रेस नेता मदन सिंह जागरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पाली विधायक भीमराज भाटी ने सुमेरपुर में जेके टाइल्स के शोरूम के उद्घाटन कार्यक्रम में जालोर सासद लुंबाराम पटेल के साथ मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

इसके बाद कोसेलाव में प्राचीन हनुमान मंदिर के दर्शन कर कांग्रेसजनों से मुलाकात की। इसी गांव के प्रवासी सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता भामाशाह ललित कोठारी ने अपने निवास पर आत्मीयता से मुलाकात कर विधायक भाटी को साफा और माला पहना कर बहुमान किया।



पाली विधायक भीमराज भाटी ( दाएं से दूसरे ) का सुमेरपुर क्षेत्र में स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर कांग्रेस नेता कोसेलाव के पूर्व सरपंच नारायण सिंह राठौड़, हनुमान भाटी, रत्न माली, मेघ सिंह निंबली फार्म ,खेता राम घाची ,रघुवीर सिंह राजपुरोहित, पिंटू ढाका सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**आम सूचना**

श्री मोहनलाल पुत्र तेजाजी मेघवाल , नि- बिशनगढ का पट्टासुदा , कब्जासुदा भुखण्ड ग्राम बिशनगढ के आबादी भूमि के खसरा नम्बर 1050 में कुल क्षैत्रफल 450 वर्ग फीट का आया हुआ है , जिसका पट्टा विलेख संख्या 39 , बुक संख्या 24 मिशल संख्या 04/2022-23 दिनांक 18.11.2022 को ग्राम पंचायत बिशनगढ द्वारा मोहनलाल के पक्ष में जारी किया गया तथा उक्त पट्टा विलेख का पंजीयन दिनांक 30.11.2022 को उप पंजीयक कार्यालय जालोर मे क्रम संख्या 202203104108836 पर पंजीबद्ध करवाया गया उपरोक्त भुखण्ड का पट्टा विलेख संख्या 39, बुक संख्या 24 मिशल संख्या 04/2022-23 मोहनलाल के पास से दिनांक 30.09.2024 को गुम हो गया है । जिसकी गुमसुदगी रिपोर्ट पुलिस थाना बिशनगढ में दिनांक 04.10.2024 को क्रम संख्या 148/2024 पर दर्ज करवाई गई । उक्त पट्टा श्री मोहनलाल द्वारा आज दिनांक तक ढुंढने के पश्चात भी नही मिला है । इस प्रकार उपरोक्त भुखण्ड पर वर्तमान में मोहनलाल का सार्वभौमिक कब्जा उपयोग एवं उपभोग होने के करण नामदेव फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड शाखा जालोर द्वारा ऋण लिया जाना प्रस्तावित है । इसलिए उक्त आम सुचना के जरिये सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को उक्त खोए गए दस्तावेज मिले हो तो अध्योहस्ता क्षरकर्ता को सम्पर्क कर लौटाने का श्रम करावें । तथा यदि किसी को कोई आपति हो तो तीन दिन के भीतर अध्योहस्ताक्षरकर्ता को दर्ज करावें । बाद म्याद गुजरने कोई आपति स्वीकार्य नही होगी ।

इति दिनांक : 07.10.2024

अभिनव सुथार अधिवक्ता
R/1443/2005
वर्धमान कॉलोनी , आहोर ,तहसील आहोर जिला जालोर (राज.) मो. न. 9799152119

**Jalore Nagrik Sahakari Bank Ltd.**
Head Office : Near Haridav Joshi Circle , Jalore (Rajasthan)
Email: headoffice@jalorebank.com / Bank Website :- www.jalorebank .com Phone No. 9413854111

क्रमांक/जानासबैंकलि/5920 दिनांक 07.10.2024

**निविदा सूचना**

जालोर नगरिक सहकारी बैंक लिमिटेड को वर्ष 2025 के लिए कैलेण्डर एवं डायरियां मुद्रण हेतु इच्छूक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी से निविदाएँ आंमत्रित की जाती है । इच्छूक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी अपनी निविदा दरें सील बन्द लिफाफे में दिनांक 21.10.2024 को सांय 4 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय स्थित मुख्यकार्यकारी अधिकारी के कक्ष में रखे गये टेण्डर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करे । विस्तृत विवरण शर्तें मात्रा इत्यादि की सम्पूर्ण बैंक की वेब साईट www.jalorebank.com पर उपलब्ध है ।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.जालोर

**कार्यालय नगर पालिका आहोर (जालोर) राज.**

क्रमांक : न.पा.आहोर/2024-25/1167 दिनांक 04.10.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा नगर पालिका क्षेत्र आहोर के सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदको के द्वारा नीचे वर्णित भूमियों में राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 धारा 69ए. के अन्तर्गत पट्टा एंव आवासीय/वाणिज्य निर्माण स्वीकृति हेतु कार्यालय में निम्न लिखित पत्रावलीया प्रस्तुत कि गई है :-

| क्र. स. | पत्रावली नाम व पता | आवेदित स्थल | क्षेत्रफल (वर्ग फिट) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री चम्पालाल/वागारामजी मेघवाल, निवासी- मेघवालो का वास, वार्ड सं. 04, आहोर। | मेघवालो का वास, वार्ड सं. 04, आहोर। | 1548.8 | 69क् पट्टा |
| 2 | श्रीमति मांगली उर्फ मांगी/रणछोड़ारामजी मेघवाल, निवासी- गोदन, आहोर। | मेघवालो का वास, वार्ड सं. 03, आहोर। | 126.5 | 69क् पट्टा |
| 3 | श्री अमराराम पुत्र आशाराम, चौधरीयो का वास, आहोर। | वार्ड सं. 04, मेघवालो का वास, आहोर | 1106 | 69क् पट्टा |
| 4 | श्री कैलाश कुमार/आशाराम, मेघवालो का वास, आहोर। | मेघवालो का वास, आहोर | 2024 | 69क् पट्टा |
| 5 | श्रीमति सपना मंडोत/अरूण मंडोत, पानी की सेरी, आहोर। | पानी की सेरी, आहोर। | 258.92 | 69क् पट्टा |
| 6 | श्री मोहनलाल चौधरी /वीरमाराम राजेन्द्र नगर, आहोर। | राजेन्द्र नगर, भूखंड सं. 03 (भूखंड सं. 267 का हिस्सा), आहोर। | 499.2 | मिश्रित प्रयोजनार्थ भवन निर्माण स्वीकृति |
| 7 | श्रीमति छाया कँवर/ अशोकसिंह, मठ की सेरी, श्रीमालीयो की बगीची के सामने, आहोर | मठ की सेरी, श्रीमालीयो की बगीची के सामने, आहोर | 1000 | आवासीय निर्माण स्वीकृति |
| 8 | श्री मीठालाल/मगनाजी सुथार निवासी- सुथारो का वास, आहोर। | सुथारो का वास, आहोर। | 1760 | आवासीय निर्माण स्वीकृति |
| 9 | श्री महेन्द्र कुमार भाटी/छोगाराम भाटी राजेन्द्र नगर, आहोर। | राजेन्द्र नगर, भूखंड सं. 249, आहोर। | 1800 | आवासीय निर्माण स्वीकृति |
| 10 | श्री सुरेश कुमार/हकमाराम लौहार हनुमान कॉलोनी, आहोर। | हनुमान कॉलोनी, आहोर। | 800 | आवासीय निर्माण स्वीकृति |

उपरोक्त आवेदको कि पत्रावलियों के संबंध में किसी भी व्यक्ति को वेध आपत्ति है तो वे सात दिवस के भीतर-भीतर लिखित मय सबूत के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालय दिवस में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरने के पश्चात कोई आपत्ति नही ली जायेगी प्रस्तुत आवेदनों पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। सूचित रहे।

राज.संवाद/सी/24/6169 अधिशाषी अधिकारी